प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- विधानसभा के बजट सत्र का पहला चरण कल समाप्त हुआ–अगला चरण 19 फरवरी से शुरू होगा–इसी दिन पेश होगा राज्य का बजट।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य मंत्रिमंडल के साथ आज प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करेंगे–राजस्थान मंडपम में मंत्रिपरिषद की बैठक लेंगे।
- राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सिकलसेल बीमारी से प्रभावित 9 जिलों में विशेष अभियान चलाएगा।
- विश्व प्रसिद्ध मरु महोत्सव कल से जैसलमेर में शुरू होगा।

000000

विधानसभा के बजट सत्र का पहला चरण कल समाप्त हुआ। इसका दूसरा चरण 19 फरवरी से शुरू होगा और इसी दिन राज्य का बजट 2025–26 भी पेश होगा। इससे पहले कल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विधानसभा में राज्यपाल की अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार वंचित, पीड़ित, मजदूर और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक पंहुचाकर प्रदेश को खुशहाल तथा विकसित बनाना है।

.....

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक साल में दी गई नियुक्तियां पारदर्शिता के साथ की गईं। इनका ब्यौरा कार्मिक विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री के जवाब के समय प्रतिपक्ष के सदस्य वेल में आकर फोन टैपिंग मामले की जांच की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री के भाषण से पहले प्रतिपक्ष के नेता को भी बजट पर हुई बहस में भाग लेना था लेकिन उन्होंने इसमें हिस्सा नहीं लिया।

0000

दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना आज सुबह आठ बजे से शुरू हुई। मतगणना के लिए दिल्ली के ग्यारह जिलों में 19 केन्द्र बनाए गए हैं। मतगणना को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

0000

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज मुख्य समारोह मनाया जायेगा। केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव समारोह में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर श्री जाधव आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र में संस्थान के विभागों की ओर से किये गये नवाचार, शोध कार्यों और चिकित्सा सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। वे आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से आमजन के स्वास्थ्य और शोध कार्यों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष 1976 में 7 फरवरी को जयपुर में इसकी स्थापना हुई थी। संस्थान में दूर दराज से लोग आयुर्वेद पद्धति से अपना ईलाज करवाने के लिए आते है। विश्वविद्यालय में फिलहाल 16 देशों के छात्र आयुर्वेद का अध्ययन और शोध कर रहे है।

**00000**

और अब समाचार महाकुंभ से –

.....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल और भाजपा विधायकों के साथ आज प्रयागराज में महाकुंभ संगम पर पवित्र स्नान करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान मंडपम में मंत्रिपरिषद की बैठक लेंगे। उधर महाकुंभ

मेले में ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय ने एक मंडप बनाया है। इसमें सरकारी योजनाओं और आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित एक आदर्श गांव मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत आदर्श गांव का मंडप, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा के तहत प्रदान की जाने वाली स्कूल, पंचायत घर, आंगनवाड़ी, स्थायी आवास और रोजगार के अवसरों सहित विभिन्न सुविधाओं पर प्रकाश डालता है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0** पर भेज सकते हैं। **1922** नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सिकलसेल बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बीमारी से प्रभावित 9 जिलों में विशेष अभियान चलाएगा। अभियान के दौरान सिकलसेल की समय पर स्क्रीनिंग तथा उपचार सुनिश्चित करने के प्रयास किये जायेंगे। इन जिलों में बांसवाड़ा, बारां, चित्तौडगढ, डूंगरपुर, पाली. प्रतापगढ़, राजसमन्द, सिरोही और उदयपुर शामिल है। प्राधिकरण सदस्य सचिव ने बताया कि इन जिलों में चेतना शिविर लगाकर रोग से प्रभावित व्यक्तियों के आईडी कार्ड बनाए जायेंगे। ये कार्ड जेनेटिक काउंसलिंग आईडी कार्ड कहे जाते हैं। मरीजों के आपस में विवाह की रोकथाम के लिए ये आईडी कार्ड जारी किए जाते हैं। इस अभियान के दौरान वॉलेन्टियर्स के माध्यम से मरीजों को रोग के ईलाज के प्रति जागरूक किया जाएगा।

00000

चूरू जिले के सरदार शहर में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। ये हादसा कार के पिकअप से टकरा जाने से हुआ। ये सभी एक ही परिवार के थे तथा कार से बीकानेर से सरदारशहर लौट रहे थे। वहीं पाली में दो अलग–अलग सड़क हादसो में दो लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य घायल हो गए। उधर भरतपुर के दारापुर गांव के पास पिकअप की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और पांच लोग घायल हो गए।

00000

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल 38 वें अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प सूरजकुंड मेले में लगाये गये राजस्थान पैवेलियन का दौरा किया। श्री शेखावत ने पवैलियन में लगे यूनेस्को हैरिटैज मोन्यूमेन्ट्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये मेला देशभर के दस्तकारों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को नई पहचान देने का काम करेगा।

....

इस बीच 7 से 23 फरवरी तक आयोजित होने वाले मेले में आज रात राजस्थान के लोक कलाकार मामे खान की प्रस्तुति होगी।

00000

विश्व प्रसिद्ध मरु महोत्सव कल से जैसलमेर में शुरू होगा। 12 फरवरी तक चलने वाले महोत्सव के दौरान लोक कला, संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया जायेगा। महोत्सव को देखने के लिए बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पंहुचते है। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यकमों के अलावा विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। इनमें मरुश्री और मिस मूमल, मिसेज जैसलमेर के साथ ही मूमल–महेन्द्र, साफा बांधो और मूंछ प्रतियोगिताएॅं शामिल है। महोत्सव की शुरूआत के अवसर पर कल शहर में शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि महोत्सव के लिये सभी तैयारियां कर ली गई है।

.....

इधर भीलवाडा में भीलवाडा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में आज विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। इनमें रंगोली, नुक्कड नाटक और साफा बांधो सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल है। भीलवाडा में ग्रामीण हाट बाजार में उद्योग मेला भी लगाया गया है। राजधानी जयपुर में कल्चरल डायरीज का पांचवां एडिशन कल से शुरू हुआ। आज लोक गीत, भवाई, घूमर, चरी नृत्य और कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति होगी। इससे पहले कल डीग जिले के नगर कस्बे से आए कलाकारों ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा। उन्होंने तालबंदी गायन और ब्रज रसिया लोकगीत तथा नृत्य प्रस्तुत किये।

00000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सुबह और शाम सर्दी का असर बना हुआ है। भीलवाडा में सर्द हवाओं से गलन महसूस की जा रही हैं। हनुमानगढ में आज सुबह हल्का कोहरा छाया रहा तथा सर्द हवाएं चली। सवाईमाधोपुर में शीतलहर के असर से लोगों की दिनचर्या में बदलाव नजर आ रहा है इस बीच मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी बढोतरी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों में न्यूनतम और अधिकतम तापतान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी होने की संभावना है।

000000